संख्या—**cm-298**
**01/05/2026**

# गयाजी में विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर बनेगा— मुख्यमंत्री

- **बिहार को समृद्ध बनाने के लिए 1700 एकड़ में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और 22 हजार एकड़ में मगध नाम से टाउनशिप बनाया जाएगा।**

- **गयाजी में होगा विश्वस्तरीय म्यूजियम का निर्माण ताकि देश—दुनिया से आनेवाले लोग भारत की विरासत और यहां की संस्कृति की झलक देख सकें।**

पटना, 01 मई 2026 :— मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने बोधगया मठ परिसर में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी सह सांस्कृतिक संचेतना कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर भारतीय परंपरा में धार्मिक समन्वय विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आपके बीच यहां आने का अवसर मिला है। गयाजी में विष्णुपद मंदिर और बोधगया में भगवान बुद्ध की पूजा—अर्चना कर आपके बीच राष्ट्रीय संगोष्ठी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुआ हूं। यह मोक्ष और ज्ञान की भूमि है जहां स्वयं माता सीता चली आईं। इससे पवित्र धरती देश और दुनिया में नहीं हो सकता है। सिद्धार्थ जी बोधगया की धरती पर आकर गौतम बुद्ध बने। ज्ञान की इस भूमि को हम नमन करते हैं। भारत में वर्षों से आक्रांता आते रहे हैं और भारत पर प्रहार करते रहे हैं लेकिन भारत कभी समाप्त नहीं हुआ। सनातन समाज के लोग सबसे अधिक सहनशील होते हैं लेकिन आक्रांताओं को भी कड़ा जवाब मिलता रहा है। सिख समाज के लोगों ने भी आतंकियों का डटकर मुकाबला किया है। गौतम बुद्ध ने शांति का संदेश दिया। मगध सम्राट अशोक ने अपने बेटा—बेटी को बौद्ध धर्म के प्रचार—प्रसार के लिए देश से बाहर भेजा जिससे विश्व में शांति स्थापित हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी लगातार काम कर रहे हैं। बिहार को समृद्ध बनाने के लिए आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी ने कई कार्य किए हैं। सड़क, बिजली, पानी सहित लोगों को कई बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। हमें बिहार को संवारने का दायित्व मिला है। इस बार के विधानसभा चुनाव में एन0डी0ए0 को भारी बहुमत मिला है। मैं मगध के लोगों को धन्यवाद देता हूं। हमलोग सबका साथ, सबका विकास, न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी सबके हितों को ध्यान में रखकर काम करते रहे हैं। किसी के साथ भेदभाव नहीं किया गया है। हमारी सरकार भी किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं करेगी। बिहार की इस धरती ने शुरू से रास्ता दिखाया है। हमारी विरासत, हमारा इतिहास गौरवशाली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत समृद्ध तभी बनेगा जब बिहार समृद्ध बनेगा। बिहार समृद्ध तभी बनेगा जब बिहार के 14 करोड़ लोग समृद्ध बनेंगे। हमलोग ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं कि बिहार के लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। बिहार में रहकर ही लोग बिहार के विकास में अपना योगदान देंगे। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी ने देश के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी उसको आगे बढ़ाते हुए भारत को विकसित बना रहे हैं। आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी बिहार को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। बिहार को समृद्ध बनाने के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। 1700 एकड़ में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बना रहे हैं। 22 हजार एकड़ में मगध नाम से टाउनशिप बनाया जाएगा। नालंदा विश्वविद्यालय को आक्रांता ने जब जलाया था तो उसमें 90 लाख पुस्तकें थीं और वे पुस्तकें 6 महीने तक जलती रही थीं। जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्स्थापित करने आए थे तो कहा था कि नालंदा विश्वविद्यालय के इस पुराने खंडहर को बचाकर रखना ताकि हम दुनिया को दिखा सकें कि हमलोग कितने सहनशील हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी को नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्स्थापित करने के लिए धन्यवाद देते हैं और उनका विशेष आभार प्रकट करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस अवसर पर विष्णुपद कॉरिडोर बनाने की घोषणा करता हूं। हमारी सरकार एक माह में बोधगया मठ कॉरिडोर स्थापित करने के लिए कार्य करेगी। लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। 20 नवंबर, 2026 तक लगभग 5 लाख करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट लाएंगे। बिहार के नौजवानों को 50 करोड़ रुपये तक का ठेका देंगे ताकि नौजवान यहां काम कर सकें। बिहार में निर्मित 30 प्रतिशत सामान को सरकार खरीदेगी ताकि बिहार में उत्पादन को बढ़ावा मिल सके। बिहार का पैसा बिहार में ही खर्च होगा तो बिहार की तरक्की होगी। उन्होंने कहा कि बिहार दर्शन शुरू कर रहे हैं ताकि बिहार के ऐतिहासिक और गौरवशाली अतीत को लोग जान सकें। बोधगया में कई ऐसी चीजें हैं जिसके बारे में लोग ठीक से नहीं जान पाए हैं जैसे अभी महंत स्वामी विवेकानंद गिरी जी ने बताया कि यहां मठ में 11वीं शताब्दी से अखंड ज्योति जल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गयाजी में म्यूजियम बनाएंगे ताकि दुनिया से आनेवाले लोग भारत की विरासत और यहां की संस्कृति की झलक देख सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने जीएसटी लाया। उसका लाभ देशवासियों को मिल रहा है। बिहार की 14 करोड़ की आबादी ढाई लाख करोड़ टैक्स जमा कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धनी बनने का सबसे आसान तरीका है कि पहले ज्ञानी बनें। ज्ञानी बनने के लिए अच्छे से शिक्षित होना जरूरी है। हमने तय किया है कि बेहतर विशिष्ट मॉडर्न स्कूल बनाएंगे जिसमें शिक्षा की ऐसा उत्तम व्यवस्था होगी कि मंत्री और अधिकारी के बच्चे भी उसमें पढ़ेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में सुशासन हर हालत में स्थापित रहेगा। महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा के लिए जो भी कदम जरूरी है वो सरकार उठाएगी। गयाजी पिंड दान की भूमि है जो भी राज्य में कानून–व्यवस्था को तोड़ेगा, अपराध करेगा तो अपराधियों का पिंड दान करेंगे। महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को सहयोग शिविर लगाया जाएगा जिसमें समस्याओं को लेकर जो भी आवेदन आएंगे उसपर संबंधित अधिकारी 30 दिनों में अपना निर्णय लेंगे। अटकाना, भटकाना और लटकाने की प्रवृत्ति नहीं चलेगी। आगे बढ़ने की प्रवृत्ति चलेगी। बिहार को भयमुक्त बनाना है। मठ की जमीन पर जो अवैध कब्जा है उससे मुक्त कराएंगे और यहीं से इसकी शुरुआत करेंगे। नालंदा से श्री शरण निवास बाबा महतो जी, गयाजी से विष्णु भगवान और बोधगया में भगवान बुद्ध का आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके आशीर्वाद से बिहार को समृद्ध बनाने के लिए पूरा प्रयास करूंगा। बुद्ध पूर्णिमा के इस अवसर पर भगवान बुद्ध को नमन करता हूं।

कार्यक्रम को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ0 प्रेम कुमार, अखिल भारतीय भिक्षु महासंघ के सचिव भंते प्रज्ञा दीप महाथेरो, नालंदा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रो0 के0टी0एस0 सराओ, शंकराचार्य मठ के स्वामी विवेकानंद गिरी ने संबोधित किया।

मगध विश्वविद्यालय के वी0सी0 प्रो0 शशिप्रताप शाही ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती मनोरमा देवी, विधायक श्रीमती ज्योति देवी, विधायक श्री रोमित कुमार, विधायक श्री त्रिविक्रम सिंह, नगर परिषद की सभापति श्रीमती ललिता देवी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

******